Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7650	13.08.2023	16.08.2023	Barmer Rajasthan	www.bhaskar.com/Hindi https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/barmer/news/seasonal-diseases-uncontrollable-after-rain-11-patients-of-dengue-73-of-malaria-and-28-of-typhoid-in-10-days-131684390.html
Title:	**11 patients of dengue, 73 of malaria and 28 of typhoid in Barmer, Rajasthan**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Barmer, SSU- Rajasthan			

बाड़मेर जिला मौसमी बीमारियों की गिरफ्त में है। जिले में मलेरिया के बाद अब डेंगू दस्तक दे चुका है। पिछले दस दिन में ही डेंगू के 11 मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं टाइफाइड भी दोबारा तेजी से फैल रहा है तो इसी महीने बेकाबू मलेरिया के 73 केस सामने आए। जिला अस्पताल के प्रत्येक वार्ड में इन दिनों मलेरिया, टाइफाइड व डेंगू के रोगियों की भरमार हैं। इसी महीने जिला अस्पताल की सैंट्रल लैब से डेंगू के 11, टाइफाइड के 28 तथा मलेरिया के 73 मरीजों की पुष्टि हुई। अस्पताल के सभी वार्ड मरीजों से फुल है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए अलर्ट मोड पर है। सीएमएचओ डॉ. चंद्रशेखर गजराज की ओर से ब्लॉक लेवल के अधिकारियों की साप्ताहिक बैठकें ली जा रही हैं। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर रेस्पॉन्स टीमें गठित है। जिला अस्पताल में अगस्त के 10 दिन में ही 32843 मरीजों की ओपीडी हो चुकी है। वहीं जांच के बाद डाक्टरों की ओर से 1654 मरीजों को भर्ती किया गया है। महीना मलेरिया डेंगू टाइफाइड जनवरी 0 12 10 फरवरी 0 0 1 15 मार्च 24 0 3 20 अप्रैल 69 21 65 मई 125 0 49 जून 72 0 70 जुलाई 145 0 4 72 अगस्त 73 11 28 कुल 508 52 329 बाड़मेर. जिला अस्पताल में डॉक्टर के पास जांच करवाते मौसमी बीमारियों के मरीज। मलेरिया के अधिक मरीज बाड़मेर, रामसर व चौहटन ब्लॉक से सामने आए हैं।

बाड़मेर के भादरेश, बिशाला, मीठड़ा, चौहटन, रामसर, नांद, बाड़मेर शहर में बलदेव नगर, विष्णु कॉलोनी, रामनगर, महावीर नगर, इंदिरा नगर व इंदिरा कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र में मलेरिया तेजी से फैल रहा

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

है। अस्पताल में मौसमी बीमारियों के चलते बुखार, उल्टी, खांसी, जी मिचलाना, डायरिया के रोगी आ रहे हैं। मलेरिया, डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों से बचना जरूरी है। घरों के आसपास साफ-सफाई रखें। पानी को एकत्रित न होने दें। सर्दी व कंपकंपी के साथ बुखार आने पर तुरंत डॉक्टर से जांच कराएं। वहीं दूषित पानी के उपयोग से बचें। - डॉ. विक्रमसिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, मेडिसिन।

जिले में मलेरिया, डेंगू व टाइफाइड की शहर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 5 टीमें गठित कर एंटीलार्वल एक्टीविटी शुरू करवाई गई हैं। घर-घर टांकों में टेमिफोस दवा डाली जा रही है। अब तक जिले में 525 मलेरिया रोगियों की पुष्टि हुई है। केस निकलने के साथ आसपास के 50 घरों में सर्वे कार्य जारी है। - डॉ. चंद्रशेखर गजराज, सीएमएचओ, बाड़मेर।

मेडिकल कॉलेज के सेंट्रल लैब इंचार्ज डॉ. प्रकाश हुण्डेकर डेंगू पॉजिटिव निकले। अब तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कॉलेज परिसर में एंटीलार्वल एक्टीविटी शुरू नहीं करवाई गई है। वहीं के शहर के पास कुड़ला, बलदेव नगर, रामनगर, विष्णु कॉलोनी, महावीर नगर सहित कई इलाकों में बारिश के पानी का भराव हो रखा है लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से इसकी निकासी के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। ऐसे में मच्छरों के पनपने से मलेरिया तेजी से फैल रहा है।